दि प्लास्टिक एक्सपोर्ट प्रमोशन कौन्सिल
(भारत सरकार,वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय,वाणिज्य विभाग द्वारा प्रायोजित)

THE PLASTICS EXPORT PROMOTION COUNCIL
(Sponsored By The Ministry Of Commerce & Industry, Deptt. Of Commerce, Government Of India)

संदर्भ संख्या: प्लेक्स/सर्किल/373 दिनांक: 30 जुलाई 2025

प्रति,
प्लेक्सकाउंसिल के सभी सदस्य/ सीओए

**विषय: भारत-यूके CETA एवं आगामी पहलों पर फीडबैक आमंत्रण - प्लेक्सकाउंसिल की ओर से**

प्रिय महोदय/महोदया,

**भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने हाल ही में व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (CETA) पर हस्ताक्षर किए हैं।**

वित्त वर्ष 2023–24 में भारत से यूके को निर्यात जहाँ **USD 445 मिलियन था, वहीं 2024–25 में यह बढ़कर USD 509 मिलियन हो गया है - जो कि 14.4% की वृद्धि को दर्शाता है।** इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक तालमेल की मजबूती स्पष्ट होती है। CETA के तहत आयात शुल्कों को समाप्त किए जाने से भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा एवं यूके बाजार में उपस्थिति और मजबूत होने की संभावना है। कृपया संलग्न सूची में देखें, जिन प्लास्टिक उत्पादों की यूके को निर्यात की उच्च संभावनाएँ हैं।

**वाणिज्य विभाग इस समझौते के प्रभाव पर एक अध्ययन कर रहा है और इसके लिए उद्योग क्षेत्र से सुझाव मांगे गए हैं।**

कृपया नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से अपना सुझाव/प्रतिक्रिया **सोमवार, 4 अगस्त 2026 तक** अनिवार्य रूप से भेजें: https://forms.gle/gqkMqjDw3eXG8EjUA

व्यापार को बढ़ावा देने हेतु, प्लेक्सकाउंसिल 8 अगस्त 2025 को CETA विषय पर एक वेबिनार आयोजित कर रहा है, जिसमें एफटीए विशेषज्ञ श्री सुधाकर कस्तुरे जी मार्गदर्शन करेंगे। इसके अतिरिक्त, प्लेक्सकाउंसिल 2–4 जून 2026 को बर्मिंघम (यूके) में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित

इंटरप्लास 2026 प्रदर्शनी में "इंडिया पवेलियन" का भी आयोजन कर रहा है। अधिक जानकारी के लिए प्लेक्सकाउंसिल से संपर्क करें।

**भारत-यूके CETA से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया संपर्क करें:**
bharti@plexconcil.org | research@plexconcil.org

सादर,
टीम Plexconcil